**Regarding need to release financial assistance for construction of Y-line connection at Thawe Junction Railway Station in Gopalganj Parliamentary Constituency, Bihar-Laid**

डॉ**.** आलोककुमार सुमन**(**गोपालगंज**) :**थावे जंक्शन नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे ज़ोन में आता है। रेलवे ने भूमि अधिग्रहण करने के बाद मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज (बिहार) में थावे जंक्शन पर Y-लाइन कनेक्शन का काम शुरू किया था। कुछ दूरी तक Y-लाइन ट्रैक कनेक्शन का काम पूरा भी कर लिया गया था। लेकिन बाद में इस थावे जंक्शन का Y- लाइन कनेक्शन का काम आगे नहीं बढ़ा। Y-लाइन कनेक्शन का काम थावे जंक्शन पर रुका पड़ा है तथा अभी तक लंबित है। इसमें कोई प्रगति नहीं हुई है जिसके कारण बहुत सारी लम्बी दूरी की ट्रेनों को साथ साथ मालगाड़ी के परिचालन एवं माल ढुलाई में बाधा उत्पन्न होती है तथा ट्रेनों को आगे की दिशा में जाने के लिए रुकना पड़ता है। इससे ऊर्जा की क्षति होती है तथा साथ साथ रेलवे को रेवेन्यू का भी घाटा होता है। थावे जंक्शन पर Y-कनेक्शन का काम पूरा होने से ट्रैफिक कंजेशन नहीं होगा तथा मालगाड़ी ट्रेन से माल ढुलाई आसानी से हो जाएगी।अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि थावे जंक्शन जैसे महत्वपूर्ण जंक्शन पर Y-लाइन कनेक्शन का काम शुरू करने के लिए यथाशीघ्र वित्तीय सहायता रिलीज की जाए ताकि बंद पड़ा काम शुरू हो सके और क्षेत्र में व्यापार को रेलवे से बढ़ावा मिल सके।